रेलवे शील्ड विजेताओं का जोधपुर स्टेशन पर स्वागत किया

जोधपुर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन एवं समठा उपलब्धियों के लिए महाप्रबंधक की संपूर्ण कार्यकुशलता शील्ड प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इसके साथ ही जोधपुर मंडल ने कुल 8 शील्ड प्राप्त कर उत्तर पश्चिम रेलवे जोन में प्रथम स्थान हासिल किया है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में शनिवार प्रातः मंडोर एक्सप्रेस के जोधपुर आगमन पर शील्ड विजेता अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्टेशन परिसर में ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मिठाई वितरण कर रेल कर्मचारी संगठनों एवं स्टेशन स्टॉल संचालकों की ओर से भी अभिनंदन किया गया।

उल्लेखनीय है कि जयपुर स्थित रेलवे ऑफिसर्स क्लब, जगतपुरा में शुक्रवार को आयोजित 70वें विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह-2025 में उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ द्वारा जोधपुर मंडल को यह प्रतिष्ठित शील्ड प्रदान की गई।

समारोह में मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के नेतृत्व में जोधपुर मंडल के सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान वर्ष 2025 में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए जोधपुर मंडल के 14 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महाप्रबंधक स्तर पर विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी की उपस्थिति में विभिन्न विभागों की शील्ड संबंधित शाखाधिकारियों द्वारा प्राप्त की गई। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि जोधपुर मंडल के प्रत्येक रेलकर्मी की सामूहिक मेहनत, समर्पण एवं प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी उत्साह और कर्मठता के साथ कार्य करने का आहवान किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के सैकड़ों रेलकर्मी, ट्रेड यूनियन-एसोसिएशन के पदाधिकारी, अधिकारी, कर्मचारी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

जालोर,(नि.सं.) हिन्दू युवा संगठन संस्था जालोर की ओर से स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय युवा सप्ताह के छठे दिन शनिवार को मां सावित्रीबाई फुले कन्या महाविद्यालय छात्रावास में रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम प्रभारी उर्मिला दर्जी ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने हाथों पर आकर्षक एवं कलात्मक मेहंदी सजाई, वहीं रंगोली प्रतियोगिता में रंगों के माध्यम से सामाजिक संदेशों एवं सांस्कृतिक मूल्यों को साकार किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में कुल 8 प्रतिभागियों तथा रंगोली प्रतियोगिता में 10 समूहों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भगवानाराम चौधरी, समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि सरिता (ट्रैफिक थानाधिकारी, जालोर), युवा सप्ताह कार्यक्रम प्रभारी अमन देवेंद्र मेहता, नगर अध्यक्ष हेमेन्द्रसिंह बगेडयि, मयंक देवडा एवं कैलाश जीनगर उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका सुषमा चतुर्वेदी, लक्ष्मी कंवर एवं लता राजपुरोहित ने निभाई।

12 साल पुराने मामले में मादक पदार्थ के आरोपी को दो साल की सजा

जोधपुर, (कासं)। एनडीपीएस न्यायालय जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने 12 साल पुराने अवैध मादक पदार्थ अफीम के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को 2 वर्ष का कठोर कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

राजस्थान सरकार की ओर से पैरवी के लिए नियुक्त गोविन्द जोशी विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर ने बताया कि 25 अप्रेल 2014 को पुलिस थाना डांगियावास के तत्कालीन थानाधिकारी हरजीराम अपने पुलिस जाब्ता के साथ वाहन चैकिंग के लिए जा रहे थे तो कोकुंडा गांव के पास पुलिस को देखकर एक मोटरसाइकिल के पीछे बैठकर जा रहे हमीरराम ने अपनी जेब से निकालकर अफीम की थैली नीचे फेंक दी। पुलिस ने उस 100 ग्राम अफीम की थैली को बरामद कर मोटरसाइकिल चालक शिवलाल और पीछे बैठे हमीरराम को गिरफ्तार किया तथा बाद अनुसंधान आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। गोविन्द जोशी विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर ने न्यायालय से वर्तमान में अवैध मादक पदार्थों के मामलों में उत्तरोत्तर वृद्धि होने, अवैध मादक पदार्थों के अपराध गंभीर किस्म की प्रकृति के अपराध होने और उसका समाज में प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की वजह से आरोपी को कठोरतम सजा देने की मांग की।

आरोपी ने नरमी का आग्रह किया। विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत कुल 9 गवाह, 29 दस्तावेजी साक्ष्य और 3 आर्टिकल के आधार पर अभियुक्त हमीरराम पुत्र लाभूराम जाट निवासी सूरपुरा कला पुलिस थाना कड़वड़, जोधपुर को अवैध मादक पदार्थ अफ़ीम रखने के आरोप में दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष की कठोर सजा व बीस हजार रुपए के जुर्माने की कठोर सजा सुनाई।

सायला में विराट हिंदू सम्मेलन का शंखनाद, शोभायात्रा निकाली

सायला, (कासं)। सायला में शनिवार को दो दिवसीय विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आगाज हुआ। प्रथम दिन आयोजित शोभायात्रा और कलश यात्रा के दौरान समूचा सायला नगर जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

शोभायात्रा का शुभारंभ नया बस स्टैंड स्थित लहर भारती कुटिया प्रांगण से साधु-संतों के सानिध्य में भगवा ध्वज दिखाकर किया गया। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे नगरवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा के सबसे आगे मंगल कलश धारण किए बालिकाएं चल रही थीं, जो अनुशासन और आस्था का प्रतीक नजर आईं। इनके पीछे सुसज्जित रथों में संत महात्मा विराजमान थे। तत्पश्चात पार्श्व अजित विद्यापीठ द्वारा तैयार की गई पंच परिवर्तन, राम दरबार, विभिन्न महापुरुषों की झांकिया एवं सांस्कृतिक नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा में नासिक ढोल की थाप पर शास्त्रीय नृत्य करते कलाकार और डीजे पर बजते भक्ति गीतों ने माहौल को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा लहर भारती कुटिया से रवाना होकर नया बस स्टैंड, पंचायत समिति रोड, ब्रह्मपुरी, पुराना बस स्टैंड, अम्बे माता मन्दिर होते हुए ओटवाला रोड स्थित बालाजी मंदिर पहुंचकर विसर्जित हुई। शोभायात्रा का व्यापारियों और नगरवासियों द्वारा घरों की छतों और जेसीबी पर चढ़कर मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इतने बडे जनसमूह को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह के निर्देशन में पुलिस जाब्ता पूरी शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में जुटा रहा। शोभायात्रा के दौरान मनोज रिया एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से भस्म के साथ किए गए शिव तांडव और हैरतअंगेज अग्नि नृत्य को देखने के लिए सडकों पर भारी भीड जमा हो गई। लोगों ने इन प्रस्तुतियों को अपने कैमरों में कैद किया। रविवार को ओटवाला रोड स्थित बालाजी मंदिर के समक्ष सम्मेलन का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इस धार्मिक समागम में देश और प्रदेश की जानी-मानी हस्तियां शिरकत करेंगी। जिसमें पीर गंगानाथ महाराज गादीपति सिरे मंदिर जालोर, महंत सेवाभारती महाराज मलकेश्वर मङ्ग जालोर, महंत तीर्थगिरी महाराज मंडवारिया सिरोही, महंत रविशरणानंदगिरी लालावाडा, राजगिरी महाराज गणेश आश्रम बाण का पावन सान्निध्य रहेगा।

मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत प्रचारक विजयानन्द, विशिष्ट अतिथि भजन गायक प्रकाश माली एवं नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित रुमा देवी मौजूद रहेंगे।

हजूरी समाज की बैठक आयोजित

जैसलमेर, (नि.सं.)। हजूरी समाज द्वारा 1 फरवरी को मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा व शोभायात्रा निकाली जाएगी। समाज कार्यकारिणी ने शनिवार को कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की।

बैठक समाज अध्यक्ष कमलसिंह भाटी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर संरक्षक भेरूसिंह महेचा, महासचिव नारायणसिंह पाऊं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन सिंह मुलाना, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह भाटी, हजूरी समाज कार्यकारिणी सदस्य प्रेम सिंह चौहान, परमेंद्र सिंह राहड़, गणपत सिंह सोलंकी, राजन सिंह भाटी, दलपत सिंह पाऊं, अजयपाल सिंह भाटी, विक्रम सिंह राहड़, कमल सिंह चौहान, अनिल सिंह भाटी, तनेराव सिंह रामाणी, मोहित सिंह गौड़, रणजीत सिंह, श्याम सिंह जंगा, सौरभ सिंह, भवानी सिसोदिया सहित कई जने मौजूद रहे।

गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा सुनिश्चित करें: डॉ. चौधरी

बालोतरा, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग खण्ड बालोतरा की मासिक समीक्षा बैठक खण्ड कार्यालय, बालोतरा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने की।

सीएमएचओ डॉ. वांकाराम चौधरी ने समस्त चिकित्सा एवं पैरामेडिकल कार्मिकों को निर्देशित किया कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं संवेदनशील चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों में साफ-सफाई, बिजली, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का किसी भी स्थिति में अभाव नहीं होना चाहिए। सीएमएचओ ने टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत सभी लक्षित समूहों का एसीएफ सर्वे तीन दिवस के भीतर 100 प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही संस्थानों पर नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने पर जोर दिया। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक कुमार गोयल ने बैठक में खण्ड बालोतरा के समस्त चिकित्सा संस्थानों की अप्रैल से दिसंबर 2025 तक की प्रगति रिपोर्ट की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने एनिमिया कार्यक्रम के अंतर्गत एफसीएम इंजेक्शन की लक्ष्य के अनुरूप प्रगति कम पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एनसीडी, टीबी एवं एनएनसी रजिस्ट्रेशन की प्रगति की समीक्षा कर सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि 30 जनवरी से लेप्रोसी पखवाडा प्रारंभ किया जा रहा है, अधिक से अधिक लाभार्थियों को चिन्हित कर समुचित जांच एवं उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सीडीआर रिपोर्ट, एमपीआर सहित अन्य ऑनलाइन रिपोर्टों को निर्धारित तिथि पर एवं त्रुटिरहित रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में सौरभ पंवार (खण्ड आशा सुपरवाइजर), पूरण वैष्णव (खण्ड नोडल अधिकारी) सहित खण्ड के सभी चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सा अधिकारी, सीएचओ, एलएचवी, एएनएम, डीईओ एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। बैठक के अंत में अधिकारियों से विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनहित में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का आव्हान किया गया।

बलदेव राम मिर्धा की जयंती मनाई

सांचौर, (कासं)। सांचौर शहर के पीडब्ल्यूडी रोड स्थित बलदेव राम मिर्धा जाट समाज सेवा संस्थान में शनिवार को महान स्वतंत्रता सेनानी, किसान नेता एवं समाज सुधारक स्व. बलदेव राम मिर्धा की 137वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।

मुख्य अतिथि जाखड ने संस्थान परिसर में स्थापित मिर्धा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने मिर्धा के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बलदेव राम मिर्धा स्वतंत्रता संग्राम के सक्रिय सेनानी रहे। उन्होंने किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। मिर्धा जाट समाज ही नहीं बल्कि पूरे राजस्थान के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे, जिन्होंने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई और शिक्षा व संगठन पर विशेष जोर दिया। उनका जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा का प्रतीक रहा है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने भी मिर्धा के आदर्शों को अपनाने और युवा पीढी को उनके विचारों से प्रेरणा लेने का आव्हान किया।

इस अवसर पर संस्थान के कोषाध्यक्ष रामलाल सारण, चेनाराम बैरा, जेरूपाराम चोटियां, मोतीराम बाता, मकाराम ताडा, जोगाराम पंचार, ओमप्रकाश चौधरी, मंगलाराम लोल, थानाराम ताडा, ओमप्रकाश बाजडोलिया, गणेशाराम सियाग, रामलाल जाणी सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत बाकरा रोड, पं.स. जालोर जिला जालोर

क्रमांक-ग्रा.प./2025-26/102 दिनांक-08.01.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 07/2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बाकरा रोड पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 शेष अवधि में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म/शर्ते ऑनलाईन वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in तथा ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

NIB NO. : ZJR2526A0712, UBN NO.: ZJR2526SSOB01135

प्रशासक
ग्राम पंचायत बाकरा रोड
पं.स. जालोर

मोहना राम
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बाकरा रोड,
पं.स. जालोर
मो. 8107657565

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, जालोर

प्रधान कार्यालयः हरिदेव जोशी सर्किल के पास, जालोर-343001

Email: headoffice@jalore.bank.in / Website: jalore.bank.in / मोबाईल नं.- 90798-06434

क्रमांक-/जानासबैक/ दिनांक-

निविदा सूचना

बैंक स्वयं का IFS Code, RBI के साथ RTGS/NEFT हेतु Direct Membership लेने एवं अन्य तकनीकी सेवाओं हेतु IT Support & Consultant (सलाहकार) की आवश्यकता है। अतः इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म/कम्पनी (GST Firm) स्थित मुख्यकार्यकारी अधिकारी के कक्ष में रखे गये टेण्डर बॉक्स में डालना सुनिश्चित करें।

विस्तृत विवरण एवं शर्ते इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी के लिए बैंक की वेबसाईट www.jalore.bank.in का अवलोकन करें।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि.